## महत्वपूर्ण एवं खास

### 65 भैंसे भरी ट्रक खेत में पलटी

**रायपुर (आरएनएस)।** अभनपुर में अवैध रूप से पशुओं की तस्करी करते हुए ट्रक ड्राइवर और हेल्पर की ग्रामीणों ने बेदम पिटाई कर दी। बताया जा रहा ही कि आधी रात में ट्रक में चोरी-छिपे 65 भैंसे हैदराबाद ले जाते हुए सिंगारभाठा गांव में अनियंत्रित होकर ट्रक खेत मे पलट गई। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने की ड्राइवर और हेल्पर की बेदम पिटाई की। मेकाहारा में इलाज जारी है।वहीं ट्रक ड्राइवर की हालत नाजुक है। छग कृषि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अभनपुर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### दुकान का ताला तोड़कर 5 लाख रुपए का सामान पार

**कोरबा (आरएनएस)।** हरदीबाजार के लोटनापारा मेनरोड पर एक दुकान में लगा ताला तोडक़र वहां से लगभग 5 लाख रुपए के सामान की चोरी कर ली गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। हरदीबाजार चौकी के लोटनापारा-उतरदा निवासी मनमोहन राठौर की लोटनापारा मेन रोड पर किराना सह हार्डवेयर, रेडिमेड व होजियारी दुकान है। उक्त दुकान को गुरुवार शुक्रवार की रात चोरों ने निशाना बनाया, जिन्होंने दुकान के शटर व गोदाम का ताला तोडक़र चोरी की वारदात की। चोर वहां से स्कूल ड्रेस, कपड़े, किराना सामान व हॉर्डवेयर का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर मनमोहन राठौर ने चोरी गए समान का मिलान किया, जिसमें गोदाम में रखे स्कूल ड्रेस, गरम कपड़ा, रेडिमेड व होजियारी कपड़ा समेत किराना समान, हार्डवेयर का समान चोरी करना पाया। दुकान संचालक मनमोहन राठौर के मुताबिक चोरी गए सामान का मिलान करने परअनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। घटना की रिपोर्ट हरदीबाजार चौकी में लिखाई गई, जहां चोरी गए सामान का बिल बाद में पेश करने का आवेदन दिया गया। पुलिस मामला दर्ज कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

### 10 घंटे काम पर 8 घंटे का वेतन, ठेका कंपनी को बकाया देने का आदेश

**कोरबा (आरएनएस)।** बालको में नियोजित एक ठेका कंपनी ने मजदूर से 10 घंटे कार्य कराया, लेकिन भुगतान 8 घंटे के वेतन का किया। मामले में मजदूर ने श्रम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जहां कंपनी को उसे 1 लाख 54 हजार 5 सौ रुपए अदा करने का आदेश हुआ। बालको में नियोजित फाइन होप एलायड इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड ने सेप्को इलेक्ट्रिक पावर में परसाभाठा निवासी सुरेश राठौर 28 कार्यरत था। ठेका कंपनी ने उसे फरवरी 2015 में कार्य से निकाल दिया। वर्ष 2013 से 2015 तक उससे कार्य अवधि 8 घंटे की जगह 10 घंटे कार्य कराया जाता थाए लेकिन उसे प्रतिदिन 2 घंटे के अतिरिक्त काम करने के एवज में मजदूरी नहीं मिली। तब सुरेश राठौर ने बकाया वेतन भुगतान के लिए अपने अधिवक्ता महेंद्र कुमार तिवारी के माध्यम से श्रम न्यायालय में प्रकरण पेश किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान श्रम न्यायालय ने सुरेश राठौर के प्रस्तुत दस्तावेज और मौखिक साक्ष्य से मामला प्रमाणित होना पाया, जिसके आधार पर न्यायालय की जज सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने निर्धारित समय अवधि का बकाया वेतन 1 लाख 54 हजार 5 सौ रुपए प्राप्त करने का अधिकारी घोषित किया। साथ ही ठेका कपंनी को आवेदक सुरेश राठौर को बकाया राशि का भुगतान करने और 10 गुना अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया।

### चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** पारिवारिक विवाद पर पीट-पीटकर पत्नी की हत्या करके फरार हुए आरोपी को बांगो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बांगो के पचरा गांव में शुक्रवार-शनिवार की रात चरित्र शंका पर हुए पारिवारिक विवाद के बाद दुबराज सिंह सरोठिया ने पत्नी को बेदम पीटा था। इससे महिला के सिर समेत छाती, गर्दन में अंदरूनी चोटें आई और उसकी मौत हो गई। शनिवार की सुबह पत्नी को मृत हालत में देखकर दुबराज सिंह फरार हो गया था। रविवार की सुबह पता चला कि रात के अंधेरे में आकर दुबराज सिंह घर में छिपा है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के बिल्लस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग सरगुजा संभाग, रायपुर संभाग ने मारी बाजी

**❑ महिला वर्ग में बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर संभाग ने अलग-अलग आयु वर्ग में बनाया अपना स्थान**

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में आयोजित 03 दिवसीय राज्यस्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में छत्तीसगढ़ की परम्परा एवं लोक संस्कृति की छटा भी देखने को मिल रही है। इस तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने अपने बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर इस राज्य स्तरीय आयोजन को और भी यादगार बना दिया। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के दूसरे दिन सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में बिल्लस एकल प्रतियोगिता में जहां एक ओर पुरूष वर्ग में 18 वर्ष से कम आयु समूह में सरगुजा संभाग के मो. सरफराज अंसारी ने प्रथम, बस्तर संभाग के खेम सिंह ने द्वितीय और दुर्ग संभाग के ईशान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18 से 40 वर्ष के पुरुष वर्ग में सरगुजा संभाग के रामपाल प्रथम, दुर्ग संभाग के पालसिंह द्वितीय एवं रायपुर संभाग के ओमकार तृतीय स्थान पर रहे, तो वहीं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में रायपुर संभाग के गणेश्वर राम निषाद ने प्रथम, सरगुजा संभाग के लालमन सिंह ने द्वितीय और तृतीय स्थान पर बिलासपुर संभाग के रविशंकर ने अपना स्थान पक्का किया। दूसरी ओर महिला वर्ग में 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका वर्ग में बस्तर संभाग की उर्मिला मौर्य प्रथम, रायपुर संभाग की मीनाक्षी ध्रुव द्वितीय और सरगुजा संभाग की काजल सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। 18-40 वर्ष आयु समूह में सरगुजा संभाग की नंदनी ने प्रथम, बिलसापुर संभाग की सुरुचि केंवट ने द्वितीय और रायपुर संभाग



की सुनीता ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में बिलासपुर संभाग की नीरा कश्यप ने पहला, बस्तर संभाग की निशा साहू ने दूसरा एवं सरगुजा संभाग की अनीशा मिंज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की शुरूआत की है, जिसका आयोजन अब प्रत्येक वर्ष होगा। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की शुरूआत 06 अक्टूबर 2022 से राजीव गांधी युवा मितान क्लब स्तर से प्रारंभ होकर विभिन्न स्तरों से होते हुए अपने अंतिम पड़ाव राज्य स्तरीय तक पहुंच चुका है, जिसका आयोजन 10 जनवरी 2023 तक होगा।

### लंबीकूद प्रतियोगिता के फाइनल में रायपुर संभाग ने मारी बाजी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक 2022- 23 के दूसरे दिन आज यहां राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में लंबी कूद प्रतियोगिता के फाइनल में 18 से 40 वर्ष महिला और पुरुष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर देखने को मिली। 18 से 40 वर्ष महिला आयु वर्ग में रायपुर संभाग की नबोनीता बेरा ने 4.63 मीटर की छलांग लगाकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरगुजा संभाग की प्रीति ने 4.50 मीटर के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और 4.42 मीटर के साथ बस्तर संभाग की भुवंती मरकाम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह 18 से 40 वर्ष के पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में 6.45 मीटर के साथ दुर्ग संभाग के आशीष कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रायपुर संभाग के सत्यम पैकरा 5.92 मीटर के साथ रहे और तीसरा स्थान पर बिलासपुर संभाग के राजा लहरे 5.80 मीटर के साथ रहे। इस प्रतियोगिता को देखने आए दर्शक भी गुनगुनी धूप में खिलाडिय़ों का उत्साह वर्धन लगातार करते रहे। इसी तरह 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मुकाबले में बिलासपुर संभाग के दिलेश कुमार साहू ने 5.29 मीटर लम्बी छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया।

## कोरबा और छत्तीसगढ़ को जानने पहुंचे मेघालय के लोग

**कोरबा (आरएनएस)।** देश के प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पूर्वोत्तर के 1 राज्य मेघालय से नागरिकों का एक दल छत्तीसगढ़ की यात्रा पर आया हुआ है। कोरबा में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने ईनका स्वागत किया। 2 दिन तक यहां के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करने के बाद यह टीम बस्तर के प्रवास पर होगी। अखिल भारतीय स्तर पर रोमांचक और पर्वतारोहण जैसी गतिविधियों के लिए यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया सक्रिय रूप से काम कर रहा है। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में इसकी यूनिट सक्रिय हैं। मेघालय राज्य से यूथ हॉस्टल के पदाधिकारी देवाशीष के नेतृत्व में एक दल छत्तीसगढ़ के दौरे पर आया हुआ है।

चेयरमैन संदीप सेठ, डीबी सुब्बा और अन्य सदस्यों ने इनकी अगवानी की और



कोरबा के बारे में जानकारी दी। स्थानीय रेलवे स्टेशनए डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी थर्मल पावर स्टेशन, हसदेव बैराज दर्री,सर्वमंगला मंदिर, भवानी मंदिर और धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचाने जाने वाले देव्पहरी की यात्रा 2 दिन में मेघालय की टीम करेगी। यात्रा के स्थानीय समन्वयक ने बताया कि कोरबा के भ्रमण के साथ मेघालय की टीम को यहां से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय स्तर के रहन-सहन खान-पान और लोकाचार के बारे में वे भली-भांति जान सके इसके लिए सदस्यों के घरों में उनकी विजिट कराई जा रही हैं। पूर्वोत्तर और देश के दूसरे क्षेत्रों के लोगों में तालमेल बढ़ाने और उनके प्रति समझ विकसित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम यूथ हॉस्टल की ओर से लगातार किए जा रहे हैं। बताया गया कि कोरबा की यात्रा के बाद सुदूर बस्तर के जगदलपुर और वहां से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के बाद यह टीम मेघालय प्रदेश के लिए रवाना होगी। संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न राज्यों से जुड़ी जानकारी ना केवल साझा होती है बल्कि उनके बारे में हमें विस्तार से जानने का अवसर प्राप्त होता है। इससे पहले के वर्षों में इस प्रकार के कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रदेश के प्रशासन को दिए जाने से कई प्रकार के सकारात्मक बदलाव आए हैं और राज्य के हित में अच्छे काम किए गए।

### चारपहिया वाहन से लाखों रुपए का सामान पार करने वाले 3 अपचारी बालक सहित चार गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के डीडीनगर पुलिस की टीम ने महादेवघाट के पास खड़ी कार से लाखों रुपए का सामान पार करने वाले 3 अपचारी बालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए लाईव यू मशीन, पीबी 100 कैमरा एवं एक माईक जब्त किए है।

बता दें कि खोमन लाल साहू ने थाना में शिकायत किया था कि वह शुक्रवार को अपने स्टॉफ के साथ चारपहिया वाहन में बैठकर महादेव घाट में हो रही महा आरती के कव्हरेज के लिए गया था, चारपहिया वाहन को महादेव घाट पास ही खड़ी किया था जिसका बायें ओर के खिडक़ी का कांच खुला हुआ था। चारपहिया वाहन में एशियन न्यूज का लाईव यू मशीन, पैनाशेनिक कंपनी का पीबी 100 कैमरा एवं एक माईक रखा हुआ था। महाआरती के बाद शाम 07.00 बजे प्रार्थी जब वापस आकर देखा तो कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के चारपहिया वाहन में रखे सामान गायब था। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी नानू के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नानू की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया।

## छूही मिट्टी खोदने समय मलबे में दबने से एक महिला की मौत दो घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के रजगामार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम करमंदी और बेंदरकोना के मध्य जंगल में छूही मिट्टी खोदने के दौरान ऊपरी हिस्सा धंस जाने के कारण मिट्टी के मलबे में तीन महिलाएं दब गईं। चोट लगने और दम घुटने से एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला का नाम प्रमिला बाई कंवर बताया जा रहा है जो ग्राम जुनवानी की निवासी थी। वह अपने पति के साथ छुही निकलने गई थी।



हादसे की खबर होते ही डायल 112 को सूचना दी गई। कुछ ही देर में 112 वाहन और संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा हैं कि यहां और भी लोग छुही की खुदाई कर रहे थे जो घटना होते ही भागकर गांव पहुंचे व लोगों को बताया। ग्रामीणों ने वहां पहुंचकर मलबे में दबी महिलाओं को बाहर निकाला। छूही मिट्टी गावों में अधिकत दीवार,आंगन, चूल्हा लीपने के काम मे लाया जाता है। इसमें शीतलता होने के कारण कई तरह की तकलीफों में दवा का भी काम करती है।

## कबाड़ चोरी करने वाले दो गुटों में गैंगवार, दो की मौत, कई घायल

**दुर्ग/भिलाई (आरएनएस)। ।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग के भिलाई थाना इलाके के हथखोज इंडस्ट्रियल इलाके में अवैध कबाड़ चोरी करने वाले दो गुटों में आपस में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान चाकूबाजी में दो लोगों की मौत हो गई। घटना आधी रविवार आधी रात के आसपास की बताई जा रही है।

15 आरोपी गिरफ्तार

मृतकों में सूरज चौधरी और मनोज चौधरी शामिल हैं। घटना में शामिल 15 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की वजह का अभी खुलासा नहीं हो सका है। सीसीटीवी फुटेज में घटना में शामिल लोगों की शिनाख्त की जा रही है। घटना पुरानी भिलाई थाना इलाके के हथखोज की है।

जानकारी के अनुसार, भिलाई थाना इलाके के हथखोज इंडस्ट्रियल इलाके में अवैध कबाड़ चोरी करने वाले दो गुटों में आपस में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान चाकूबाजी में दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।



पुरानी भिलाई थाने की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले में 15 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है। वहीं दो फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। पकड़े गए आरोपियों में हथखोज, खुर्सीपार और दो आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले हैं।

चोरी की जानकारी पुलिस को देने पर हुआ विवाद

बताया जा रहा है कि, दोनों गुटों में चोरी की जानकारी पुलिस को देने की बात को लेकर विवाद हुआ था। एक गुट सूरज और मनोज चौधरी तो दूसरा गुर राहुल और संतोष यादव का बताया जा रहा है। पिछले 2-3 दिनों से दोनों गुटों में विवाद हो रहा था।

देर रात हथखोज एचटीसी कंपनी के सामने मैदान में राहुल और संतोष गुट ने खुर्सीपार से 20 लडक़ों को बुलाकर सूरज और मनोज पर हमला बोल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## लोमड़ी के हमले में तीन ग्रामीण घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के पसान वन परिक्षेत्र में रविवार शाम लोमड़ी द्वारा हमला कर दिए जाने से तीन ग्रामीण घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग द्वारा तत्कालिक तौर पर 500-500 रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है।



जानकारी के अनुसार वन्य प्राणी के हमले की यह घटना पसान वन परिक्षेत्र के जल्के सर्किल अंतर्गत ग्राम तिलईकुंडी में घटित हुई। बताया जाता है कि यहां के निवासी 8 वर्षीय बालक अनिल पेंद्रो, चरण सिंह सिरोठिया व बेचन सिंह कुशराम नामक ग्रामीण कल शाम 4 बजे अपने-अपने घरों के पास मौजूद थे। तभी जंगल की ओर से आए एक लोमड़ी ने उन पर हमला कर दिया। वन्य प्राणी द्वारा अचानक किये गए हमले से तीनों लहूलुहान हो गए। घायल ग्रामीणों द्वारा मदद के लिए पुकार लगाए जाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और 112 वाहन बुलाकर दोनों को उपचार के लिए तत्काल पसान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। इधर लोमड़ी के हमले में ग्रामीणों के जख्मी होने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जानने के साथ ही उन्हें तत्कालिक तौर पर सहायता राशि उपलब्ध कराई। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक घायलों के उपचार का पूरा खर्च विभाग वहन करेगा, सो घायलों के परिजनों को बेहतर से बेहतर इलाज करवाने को कहा गया है। बताया जाता है कि यह सियार पागल हो गया है और क्षेत्र में इसका आतंक छाया हुआ है। सियार द्वारा लगातार हमला किये जाने से ग्रामीण दहशत में हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## प्राइवेट अस्पतालों में बिल काउंटर पर चस्पा होगा हेल्पलाइन नंबर 104

**❑ कार्ड होने पर भी नियम विरुद्ध बिल वसूलने पर की जा सकेगी शिकायत**

**❑ दो से तीन वार्डों के लोगों को एक जगह जुटने में हो आसानी, ऐसी जगह पर भेजी जाएगी मोबाइल मेडिकल यूनिट**

**❑ प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश**

**दुर्ग (आरएनएस)।** निजी अस्पतालों को अपने बिल काउंटर पर जिला प्रशासन का हेल्पलाइन नंबर 104 चस्पा करना होगा। किसी मरीज अथवा परिजन को यदि लगता है कि उसके पास डा. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का कार्ड है और इसके अलावा भी उससे राशि जा रही है तो मरीज अथवा परिजन इसकी शिकायत कर सकेंगे। यह निर्देश प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में दिये। मंत्री ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने इसके क्रियान्वयन पर खुशी जताई और कहा कि लोगों को कम अंतराल में इसका लाभ मिल जाए, इसके लिए दो या तीन वार्डों के कंजक्शन (मिलन बिन्दु) पर यूनिट लगाये जाएं। इसके लिए कार्यक्रम शेड्यूल कर भेजने के निर्देश उन्होंने दिये। बैठक में कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे भी मौजूद थे। चौबे ने कहा कि सभी योजनाओं का अच्छा क्रियान्वयन जिले में हो रहा है। इसकी लगातार मॉनिटरिंग होती रहे। बैठक में विधायक अरुण वोरा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दुर्ग शहर में शासन द्वारा भव्य अधोसंरचनाएं तैयार की जा रही हैं। इनका निर्माण जितनी तेजी से होगा, उतना ही जल्द इसका लाभ लोगों को मिल पाएगा। बैठक में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने विस्तार से जिले में हो रही विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार इन योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग हो रही है और इसके अच्छे जमीनी नतीजे मिल रहे हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, भिलाई चरौदा महापौर निर्मल कोसरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही एसपी डा. अभिषेक पल्लव, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, डीएफओ शशिकुमार, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में प्रमुखता से शहरी क्षेत्रों में आबादी पट्टे का विषय जनप्रतिनिधियों ने रखा। भिलाई-चरौदा में आबादी पट्टे की भूमि, अहिवारा में बीएसपी की जमीन पर बसाहट सहित अन्य विषयों पर प्रभारी मंत्री ने अपनी बात रखी और इस संबंध में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जनप्रतिनिधियों ने तालाब के किनारे बसे लोगों के लिए पट्टे के बारे में विषय रखा। मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार पटवारी रिकार्ड में पानी के नीचे वाली भूमि और पार में पट्टा नहीं दिया जा सकता। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की पूरी गाइडलाइन का अध्ययन कर लें। इस मामले में एसडीएम परीक्षण करा लें और जहां नियमों का उल्लंघन नहीं होता हो, वैसी भूमि में पट्टा देने पर विचार किया जा सकता है।